भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2319

जिसका उत्तर दिनांक 16.03.2022 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा से उत्पादित ऊर्जा

2319. डॉ. मनोज राजोरिया :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में परमाणु ऊर्जा में से कुल कितनी प्रतिशत ऊर्जा का उत्पादन किया गया है;

(ख) अन्य स्रोतों से मिलने वाली ऊर्जा की तुलना में परमाणु ऊर्जा कितनी महंगी है;

(ग) क्या सरकार का विचार परमाणु स्रोतों से प्राप्त होने वाली ऊर्जा के दैनिक उपयोग में वृद्धि करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) देश के कुल विद्युत उत्पादन में नाभिकीय ऊर्जा का हिस्सा चालू वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2021 से जनवरी 2022) में लगभग 3.14% रहा ।

(ख) नाभिकीय ऊर्जा प्रशुल्क, अन्य प्रौद्योगिकियों के समकालीन आधार भार उत्पादन संयंत्रों की ऊर्जा प्रशुल्क के समान है ।

(ग) तथा (घ) सरकार का प्रस्ताव शुद्ध शून्य लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के साथ नाभिकीय ऊर्जा के उपयोग में वृद्धि करने का है ।

* * * * *